



# मऊगंज जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## कलेक्टर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में किया ध्वजारोहण, उत्कृष्ट कार्य करने वाले किये गये सम्मानित, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई प्रस्तुति







नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 16 अगस्त, मऊगंज जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया गया. समारोह के मुख्य अतिथि जिले के कलेक्टर संजय कुमार जैन ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली. समारोह को लेकर आमजनों में उल्लास और उत्साह का वातावरण रहा. समारोह में सुरक्षा बलों ने हर्ष फायर करके राष्ट्रीय ध्वज का अभिवादन किया.**

समारोह में विशेष सशस्त्र बल तथा जिला पुलिस बल ने सम्मिलित रूप से बैण्ड की मधुर धुन पर आकर्षक परेड की. भोपाल से मुख्यमंत्री जी के स्वतंत्रता संदेश वाचन का लाइव प्रसारित किया गया. मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय कुमार जैन ने अपने उद्बोधन में मऊगंज जिले की प्रगति तथा उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बधाई संदेश का वाचन किया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने तीन रंग के मनोहारी गुब्बारों को हर्ष स्वरूप मुक्त गगन में छोड़ा. समारोह में वन्दे मातरम गान प्रस्तुत किया गया.

समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत तथा शासन की विकास योजनाओं को प्रदर्शित करने वाले गीतों और नृत्यों के साथ मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये. इसके बाद मुख्य अतिथि ने विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. मुख्य समारोह के साथ-साथ सभी विकासखण्ड मुख्यालयों, नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थानों एवं कार्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया. समारोह में सशस्त्र परेड के लिए विशेष सशस्त्र बल पुरुष को प्रथम, जिला पुलिस बल को द्वितीय तथा जिला पुलिस बल महिला को तृतीय पुरस्कार मिला. बिना सशस्त्र परेड में एनसीसी सीनियर को प्रथम, स्काउट बालक को द्वितीय तथा एनसीसी जूनियर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. समारोह में प्रदर्शित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊगंज को प्रथम स्थान पर, एमजी पब्लिक स्कूल को द्वितीय स्थान पर तथा बिरसा मुंडा इंटरनेशनल स्कूल देवतालाब तृतीय स्थान पर रहा. सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देश और प्रदेश में विकास तथा उपलब्धियों की झलक दिखाई गई. समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में मऊगंज जिले के विकास पुस्तिका का जनप्रतिनिधि ,अधिकारी एवं आमजनों के बीच वितरण किया गया. समारोह में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, बीजेपी अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन, अपर कलेक्टर पीके पांडेय,एसडीएम मऊगंज रश्मि चतुर्वेदी, जनप्रतिनिधिगण, वीर शहीदों के परिजन, पार्षदगण, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में आमजन, विद्यार्थी तथा पत्रकार उपस्थित रहे.

### स्वतंत्रता दिवस पर विशेष मध्यान्ह भोज



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मऊगंज जिले में सभी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में विशेष मध्यान्ह भोज का आयोजन किया गया. जिला स्तरीय विशेष मध्यान्ह भोज शासकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय खटकरी में आयोजित किया गया. विशेष मध्यान्ह भोज में विद्यार्थियों के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय कुमार जैन, विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल, बीजेपी जिला अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र मिश्रा, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन, अपर कलेक्टर पीके पांडेय,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशिकांत सरयाम, डिप्टी कलेक्टर अजीत मिश्र, एसडीम मऊगंज रश्मि चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी, शिक्षकगण एवं स्थानीय जनप्रतिनधिगण शामिल हुए.

### कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट में किया ध्वजारोहण

देश के 80 वें स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने ध्वजारोहण किया. इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन, अपर कलेक्टर पीके पांडेय सहित कलेक्टर कार्यालय एवं पुलिस कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे. कलेक्टर कार्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत में राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' का गायन हुआ. ध्वजारोहण के बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया गया.

### तहसील कार्यालय में ध्वजारोहण

गुढ़ नगर के तहसील कार्यालय में तिरंगे ध्वज को फहराया गया. साथ ही नगर परिषद गुढ़, शास. स्नाकोत्तर महा विद्या गुढ़., पीयमश्री शास. उच्च. मा. विद्या गुढ़, चिरहुलानाथ फीलिंग स्टेशन गेरुई, सरस्वती उच्च. मा. विद्या. गुढ़, अ. गणेश उच्च. मा. विद्या. गुढ़, अ. जाति जनजाति बालक छात्रावास, शास. कन्या हाईस्कूल गुढ़, आदर्श विद्या. सहित थाना गुढ़ में थाना के जवानो द्वारा बन्दूक के साथ तिरंगे ध्वज को फहरा कर सलामी दी गई वही संस्थाओं में भाब्य समारोह का अयोजन नन्हे मुन्हे छात्र छात्राओं द्वारा संचालित किए गए और कार्यक्रम के अंत में सभी को लहराते तिरंगे ध्वज के नीचे आजादी का प्रसाद वितरण कर समारोह का समापन किया गया. इसी तरह अन्य कार्यालयों में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहणक कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ.

### विधायक ने किया ध्वजारोहण



गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह ने सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया एवं तिरंगे की सलामी दी. उक्त अवसर पर भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी गुढ़ पुष्पेन्द्र यादव, डॉ आर बी प्रजापति, डॉ मोतीलाल शुक्ला, जगदीश अवधिया, रामपाल शर्मा, चुन्नी लाल सोनी, गोवर्धन पयासी,विद्यालय के प्राचार्य गुलाब सिंह सहित समस्य शिक्षक उपस्थित रहे.

### चाकघाट में धूम-धाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



15 अगस्त स्वाधीनता दिवस का राष्ट्रीय पर्व एवं हर घर तिरंगा की धूम पूरे अखंड भारत वर्ष की तर्ज पर मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश की सीमा एवं तमसा तट के किनारे बसा हुआ व्यावसायिक नगर चाकघाट में भी स्वाधीनता दिवस की धूम रही. इसी क्रम में नगर के समस्त शासकीय, अशासकीय, एवं निजी आवासो में तिरंगे की लहर देखी गई, स्थानीय नगर परिषद कार्यालय, पुलिस थाना, वन विभाग, सरकारी अस्पताल, सी0पी0एस0 हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती ज्ञान मंदिर, केसरवानी कान्वेंट स्कूल, सेंट मैरी स्कूल, सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल, नेहरू स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलाब कली मेमोरियल फार्मेसी कॉलेज, आर्यावर्त हायर सेकेंडरी बघेड़ी, सूरज पब्लिक स्कूल बघेड़ी और इसी चौराहे पर सेवानिवृत्ति लाल बहादुर सिंह के द्वारा ध्वजारोहण किया गया. इसके अतिरिक्त भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक आफ इंडिया, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, एचडीएफसी बैंक पत्रकार निवास गौरा रोड, विश्राम गृह व अन्य क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में भी राष्ट्रीय पर्व अत्यंत ही धूम-धाम से मनाया गया. उक्त कार्यक्रम में सभी संस्थाओं के संस्था प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया गया, और पहली बार शामिल 'वंदे मातरम' का गायन भी किया गया. राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत भाषण, गीत वह नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा अभिनय के माध्यम से भी राष्ट्रीय पर्व को प्रदर्शित किया गया.

# शास. सांदिपनी विद्यालय में विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने किया ध्वजारोहण



नवभारत न्यूज

**त्योंथर, 16 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने त्योंथर स्थित शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ध्वजारोहण कर विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं.**

इस अवसर पर विधायक श्री तिवारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता संग्राम और स्वाधीनता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान से अवगत कराया. उन्होंने कहा कि असंख्य वीरों के कठोर संघर्ष, त्याग और बलिदान के बाद देश को स्वाधीनता प्राप्त हुई है. अब हमारा नैतिक दायित्व है कि स्वतंत्र भारत को सशक्त, समृद्ध और विकसित राष्ट्र बनाने में अपना श्रेष्ठ योगदान दें. कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री तिवारी ने परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया तथा अपनी ओर से प्रोत्साहन राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया. उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिका, जनप्रतिनिधि गण, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी, राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित थे. स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान हुआ और विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी. जिसकी लोगो ने प्रशंसा की.

### छात्रों के साथ किया भोजन

ध्वजारोहण के पश्चात विधायक श्री तिवारी चाकघाट स्थित शासकीय सांदीपनि विद्यालय पहुंचे. जहां उन्होंने विद्यार्थियों के साथ मध्याह्न भोजन किया. इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, रुचियों एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें पूरी लगन और मेहनत के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया. विधायक श्री तिवारी ने कहा कि त्योंथर विधानसभा क्षेत्र में शैक्षणिक विकास को लेकर वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं. शिक्षा का प्रकाश समाज में व्याप्त विभिन्न प्रकार के अंधकार को दूर करने का सशक्त माध्यम है. विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और अवसर उपलब्ध कराकर ही हम मजबूत समाज और विकसित भारत के संकल्प को साकार कर सकते हैं.

# गुढ़ क्षेत्र में जगह-जगह हुआ ध्वजारोहण, स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति






नवभारत न्यूज

**गुढ़, 16 अगस्त, शासकीय स्नातक महाविद्यालय गुढ़ में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार तिवारी द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया.**

ध्वजारोहण के पश्चात वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामूहिक वंदे मातरम् गायन किया गया. इसके बाद राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया तथा उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्र के प्रति सम्मान एवं समर्पण की भावना व्यक्त की. इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत भाषण प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया. विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में देशभक्ति, त्याग और राष्ट्र गौरव की भावना स्पष्ट रूप से झलक रही थी. वरिष्ठ प्राध्यापक श्रीमती रेखा मिश्रा द्वारा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए विकर्ष उपाध्याय को भी सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया. कार्यक्रम में डॉ. व्यास नारायण मिश्र, जितेंद्र कुमार त्रिपाठी, निशा सिंह, राम द्विवेदी, डॉ. राम मनोहर पटेल, के.सी. सर, प्रशांत विश्वकर्मा, सृष्टिधर साकेत मौजूद रहे.

**शासकीय हाई स्कूल बड़ागांव में ध्वजारोहण**-स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हाई स्कूल बड़ागांव में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक 15 लालमणि त्रिपाठी त्रिपाठी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी. कार्यक्रम के अध्यक्षता, हाई स्कूल प्राचार्य विरेन्द्र कुमार सिंह ने की विशिष्ट अतिथि विजय नामदेव, श्यामराज सिंह, रहे एवं सभी शिक्षक श्रीमती शीलू अवस्थी,सुदीप राय, अखिलेश कुमार भट्ट, रामलाल चौरसिया, मुन्ना लाल सोनी, सुर्यकान्त तिवारी, श्रीमती विमला पटेल, रश्मि द्विवेदी, रेखा कुशवाहा एवं सभी छात्र छात्राएं एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे. ध्वजारोहण से पूर्व गांव में प्रभातफेरी निकाली गई, जिसमें छात्र-छात्राएं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. प्रभात फेरी के बाद,हाई स्कूल परिसर में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुआ.

**इटाए ग्राम पंचायत में सरपंच ने फहराया तिरंगा**-जिले के जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत ग्राम पंचायत इटार में सरपंच श्रीमती संध्या पिडिहा ने शान के साथ तिरंगा फहराया. तत्पसचात उपस्थित सभी लोगों ने आजादी के दीवानों को याद करते हुए राष्ट्रगीत से तिरंगे को नमन,किया तों वही छोटे बच्चों ने देश भक्ति गीत गाकर सभी का मन मोह लिया कार्यक्रम के अन्त में आए हुए लोगों कों प्रसाद का वितरण कराया गया. इस अवसर पर पंचायत इटार सचिव मुनीन्द्र द्विवेदी जीआरयस गणेश पिडिहा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सोनम जयसवाल रामपियारे शुक्ला सतीष सेन राम-लखन नामदेव राजेश साकेत के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे.

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित** -15 अगस्त के शुभ अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर स्वतंत्रता दिवस में कार्यालय कार्यपालन अभियंता पूर्व सम्भाग रीवा में कार्यपालन अभियंता सुशील कुमार यादव के द्वारा सहायक अभियंता अंशुल प्रसाद, कनिष्ठ अभियंता रामाशंकर पाठक की उपस्थित में प्रशास्त्र पत्र एवं गोल्ड मेडल देकर सम्मनित किया गया. जिसमें गुढ़ विधुत वितरण केन्द्र के लाइनमैन कृष्ण कुमार ओझा (सोनू), मीटर रीडर गौरव मिश्रा, सहायक लाइनमैन जगन्नाथ चौरसिया, कम्प्यूटर आपरेटर पुष्पेन्द्र विश्वकर्मा सम्मानित किए गए.

**स्वतंत्रता दिवस प्रधान आरक्षक सम्मानित**-स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गुढ़ थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक राकेश वर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा एवं दायित्वों के सफल निर्वहन के लिए सम्मानित किया गया.

समारोह में मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. राकेश वर्मा ने अपने सेवाकाल के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, जनसेवा तथा पुलिस विभाग की जिम्मेदारियों का ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन किया है. उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया. इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने राकेश वर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. सम्मान प्राप्त होने पर क्षेत्रवासियों एवं पुलिस विभाग में हर्ष का माहौल है.

### विध्यांचल पब्लिक स्कूल में शान से लहराया तिरंगा

गुढ़, 16 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विंध्याचल पब्लिक स्कूल में देशभक्ति और उत्साह से सराबोर कार्यक्रम आयोजित किया गया. विद्यालय परिसर में संस्था प्रमुख कैलाश सर के मार्गदर्शन में ध्वजारोहण किया गया. तिरंगा लहराते ही पूरा परिसर भारत माता के जयकारों और देशभक्ति के नारों से गूंज उठा. कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं. बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और विद्यालय स्टाफ का मन मोह लिया. इस दौरान स्टाफ मौजूद रहा.

# सिरमौर में ध्वजारोहण के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




नवभारत न्यूज

**सिरमौर, 16 अगस्त, सिरमौर नगर पंचायत सिरमौर वार्ड क्रमांक 09 सिरमौर में आन बान शान से लहराया तिरंगा.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार तहसील सिरमौर बिंदु तिवारी रही. जबकि अध्यक्षता जी एस टी एक्साइज इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार मिश्र रहे. वहीं कार्यक्रम के संरक्षक जिला सत्र न्यायालय सिरमौर के वरिष्ठ अधिवक्ता/विश्व हिंदू परिषद् जिला सह मंत्री बृजेंद्र मिश्र रहे. विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार लक्ष्मीकांत मिश्र एवं पत्रकार बीरेंद्र प्रसाद मिश्र रहे. वही विद्यालय की प्रधानाचार्य संगीता मिश्रा एवं वैश्य महासम्मेलन के ब्लाक अध्यक्ष सिरमौर के कैलाश गुप्ता रहे. सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा भारत माता जी के प्रतिमा का अनावरण का दीप प्रज्ज्वलित कर वीर महापुरुषों की सजाई गई.

तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान बैच लगाकर माल्यार्पण कर स्वागत गीत करके किया गया. कार्यक्रम का सफल संचालन बी पी मिश्र ने किया जो कि बड़ा ही सराहनीय रहाविद्यालय का.

प्रगति प्रतिवेदन हेडमास्टर संगीता मिश्रा ने कीएवम् आभार उप प्रधाना चार्य अश्वेंद्र मिश्र के द्वारा किया गया. विद्यालय के समस्त स्टाप संगीता मिश्रा आश्वेंद्र मिश्र शालिनी पांडेय अंजली मिश्रा मुश्कान बुनकर, बीरेंद्र मिश्रा रचना साकेत आंचल मिश्रा पूजा अग्निहोत्री, सविता अग्निहोत्री,मुस्कान, विमला पटेल आदि समस्त स्टाप एवम अभिभावक गण उपस्थित रहे छात्रों द्वारा एक से बढ़कर एक रंग मंची य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया.

# दुआरी गांव में निकाली गई तिरंगा ट्रैक्टर यात्रा

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 16 अगस्त, दुआरी गांव में किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष गुढ़ रामायण प्रसाद अग्निहोत्री के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई.**

हाथों में तिरंगा लेकर कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के नारों के साथ पूरे गांव का भ्रमण किया. यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय ', 'जय जवान-जय किसान' और 'हम सब एक हैं' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा. तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से भाजपा नेता अरूण सिंह, बाबूलाल पटेल, जनपद सदस्य रूबी पटेल, विवेक अग्निहोत्री, रामायण कुशवाहा, बालभद्र पटेल,अच्छेलाल पटेल, विवेक पटेल, पत्रकार निखिल पाठक सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे. तिरंगा यात्रा दाईटोला स्थित बरमबाबा से प्रारंभ होकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए बस स्टैंड से लंकाटोला मार्च से पुन: बरमबाबा कार्यक्रम स्थल पहुंची. ट्रैक्टरों में तिरंगा झण्डा लगाकर भारत माता की जय,जय जवान जय किसान,हम सब एक हैं के नारों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई. कार्यक्रम के अंत में लड्डू प्रसाद का वितरण किया.